एक नजर में



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पवन पाटीदार का किया स्वागत

**ग्वालियर 12 मई.** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार के नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। रामकृष्ण मंडल पिवमो मंडल अध्यक्ष रॉबिन पाल के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से पुष्पवर्षा एवं श्रीराम दरबार भेंट कर प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में भाजपा के जयघोष गूंजते रहे।कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, मुलायम सिंह यादव, जंडेल गुर्जर, गिर्राज व्यास, राजू पलैया, अभिषेक हर्षाना, नारायण प्रजापति, नूतन श्रीवास्तव, सुशील वर्मा, शिव सिंह यादव, शिशुपाल यादव, शिवपाल गुर्जर, पवन जाट,बछोला गुर्जर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## सुरक्षित जीवन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर 12 मई.** अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे के अवसर पर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की ग्वालियर शाखा में जनरल मैनेजर नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में नर्सिंग डे की थीम 'हमारी नर्स, हमारा भविष्य सुरक्षित जीवन' पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सुरक्षित जीवन के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के योगदान को सराहते हुए उनके समर्पण एवं सेवा भावना पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और मरीजों की सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके कार्यों को भी सराहा! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के जीआर रमेश उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर पंकज अग्रवाल ने सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए युवाओं को स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से अकाउंट ऑफिसर आशीष सोनी, परागया श्रीवास्तव स्वाति तोमर, आरती यादव आदि की भूमिका रही!




## टाइम ग्वालियर से प्रेरणा गोयल का आईआईएम रोहतक में चयन

**ग्वालियर 12 मई.** टाइम ग्वालियर की छात्रा प्रेरणा गोयल ने अपनी मेहनत और लगन से आईआईएम रोहतक में अंतिम चयन प्राप्त कर शहर और अपने संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रेरणा केआरजी कॉलेज की छात्रा हैं। इस उपलब्धि पर टाइम ग्वालियर के सेंटर डायरेक्टर जय प्रकाश गुप्ता ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, सही रणनीति और समर्पण सफलता की कुंजी है। वहीं केआरजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव तथा कन्वीनर डॉ. आभा मिश्रा ने भी प्रेरणा को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। प्रेरणा गोयल ने अपनी सफलता का श्रेय टाइम फैकल्टी के मार्गदर्शन, संस्थान के स्टडी मटेरियल और ऐमकैट टेस्ट सीरीज को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित मॉक टेस्ट और फैकल्टी की रणनीतिक सलाह ने उनकी तैयारी को मजबूत बनाया और इंटरव्यू प्रक्रिया में आत्मविश्वास बढ़ाया। यह सफलता उन छात्रों के लिए प्रेरणा है जो कैट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश का सपना देखते हैं।




## 100 नर्सिंग योद्धाओं का हुआ सम्मान

ग्वालियर 12 मई. 'विश्व नर्सिंग दिवस' के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला चिकित्सालय मुरार के मीटिंग हॉल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 100 सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और एएनएम का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जे.पी.एन. शर्मा (आरएमओ) और डॉ. राजेश कुमार बिरथरिया (सहायक प्रबंधक) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, प्रदेश महामंत्री रणबीर सिकरवार, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर साधना चतुर्वेदी, खेम आर्य और हरिदेवी शाक्यवार मौजूद रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नर्सिंग स्टाफ को 'स्वास्थ्य सेवा की रीढ़' बताते हुए उनके धैर्य और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में निस्वार्थ सेवा के लिए मनीषा पाल, पूनम राठौर, चंदा गुप्ता, मनीषा गुप्ता, सविता शुक्ला, मिथलेश भदौरिया, सुमन नरवरिया, रुचि सूत्रकार, माया उईके, मीरा तोमर, पिंकी घारामी, विनय अग्रवाल, आकाश भोज, शैलेंद्र, राधा राय, अंजलि चौधरी, विजय कुशवाह, रेखा राठौर, अभिषेक सिकरवार, नीलम रावत, प्रियंका श्रीवास्तव, मनीषा साहू, सावित्री वर्मा, धर्मेंद्र पांडे, ज्योति शर्मा, संविदा श्रीवास, कोमल सिंह, दिलीप सिंह सोन, दिलीप सिंह राठौर, हरिमोहन शर्मा और लाखन सिंह सिसोदिया सहित 100 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संभागीय अध्यक्ष महादेव सिंह गोयल द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत में रश्मि जायसवाल एवं रविन्द्र यादव ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। अंत में मीना शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नर्सिंग ऑफिसर और स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर आयुक्त ने की राजस्व वसूली एवं ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा

**ग्वालियर 12 मई.** अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष में निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुरूप हर हाल में राजस्व वसूली करें तथा 100 प्रतिशत सभी के ट्रेड लाइसेंस रिन्यू तो करायें, साथ ही नये ट्रेड लाइसेंस भी बनायें। बैठक में उपायुक्त राजस्व श्री सुनील चौहान, नोडल अधिकारी राजस्व अनूप लिटोरिया, कार्यालय अधीक्षक राजस्व प्रमेन्द्र जादौन एवं राजस्व कर संग्रहक उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बकाया राजस्व वसूली 100 प्रतिशत करना ही है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





# अधिवक्ता परिषद चुनाव के लिए डाले वोट

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 मई.** मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के चुनाव ग्वालियर सहित पूरे प्रदेश में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुबह 9 बजे से ही मतदान केंद्रों पर वकीलों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया था, जो शाम 5 बजे तक अनवरत जारी रहा। इस बार काउंसिल की सदस्यता के लिए चुनावी रण में प्रदेश भर से कुल 122 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**प्रदेश की 25 सीटों के लिए 122 अभिभाषक मैदान में**

**25 सदस्यीय टीम का होगा चयन-** स्टेट बार काउंसिल के नियमों के अनुसार, चुनाव मैदान में उतरे 122 प्रत्याशियों में से कुल 25 सदस्यों का चयन किया जाना है। इसमें 18 पुरुष एवं 5 महिला प्रत्याशियों का चयन वरीयता के आधार पर किया जाएगा। खास बात यह है कि जनता द्वारा चुने गए ये सदस्य बाद में दो अन्य सदस्यों का चयन करेंगे, जिसके बाद काउंसिल की पूर्ण कार्यकारिणी का गठन होगा।

**ग्वालियर से 12 दिग्गज मैदान में-** ग्वालियर अंचल के वकीलों के लिए यह चुनाव साख का विषय बना हुआ है। ग्वालियर से कुल 12 प्रत्याशी चुनावी समर में हैं। शुक्रवार को हुए मतदान में ग्वालियर बार के पंजीकृत अधिवक्ताओं ने भारी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला न्यायालय परिसर में मतदान को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम देखे गए।

**वरिष्ठ अधिवक्ताओं और प्रत्याशियों ने किया मतदान-** निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान ग्वालियर के प्रमुख प्रत्याशियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने स्वयं लाइन में लगकर अपने वोट डाले। मतदान करने वालों में मुख्य रूप से प्रत्याशी- प्रेम सिंह भदोरिया, अति सुंदर सिंह, धर्मेंद्र कुशवाह, गौरव मिश्रा, चैन सिंह राजपूत, करतार सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता सम्मिलित हुए।

## जिला बदर के आरोपी ने नहीं दी थाने में हाजिरी, मामला दर्ज

**ग्वालियर 12 मई.** जिला बदर किए गए आरोपी को जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करना भारी पड़ गया। सिरोल थाना पुलिस ने हाजिरी नहीं लगाने और आदेश की शर्तें तोड़ने पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ नया मामला दर्ज किया है। सिरोल थाना प्रभारी गोविन्द बंगोली ने बताया कि मनोज उर्फ मोनू उर्फ सोनू गुर्जर निवासी ग्राम सिरोल थाने का लिस्टेड गुंडा है और उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। जिसमें कलेक्टर ने उसे आदेश दिया गया था कि वह तीन माह हर सोमवार थाने में उपस्थिति लगानी थी पर गायब रहने पर सिरोल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को 24 अप्रैल 2026 को नोटिस तामील कराकर 50 हजार रुपए का बंधपत्र भी भरवाया था। इसके बाद आरोपी को 4 मई सोमवार को थाना पहुंचकर हाजिरी लगानी थी, लेकिन वह पूरे दिन और रात 12 बजे तक थाने नहीं पहुंचा।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 मई.** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर 'रक्त अर्पण सेवा समिति' द्वारा सिंधी धर्मशाला में एक विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मानवता की सेवा को समर्पित इस शिविर में शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसके फलस्वरूप कुल 259 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

**रक्तदाताओं द्वारा 259 यूनिट रक्त एकत्रित**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सीएसपी मनीष यादव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी एवं डबरा पार्षद प्रवीण चंदानी उपस्थित रहे। अतिथियों ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और ऐसे आयोजनों से समाज के पीड़ित वर्ग को नया जीवन मिलता है।




**स्वास्थ्य जाँच एवं उपहार वितरण**

रक्तदान के साथ-साथ शिविर में 22 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समिति की ओर से इन बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें आकर्षक उपहार भी भेंट किए गए। इसके अतिरिक्त, थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित 'थैलेसीमिया माइनर जाँच शिविर' में 26 लोगों ने अपना टेस्ट करवाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संस्थापक निर्मल संतवानी, हरीश थोरानी, धीरज दिसेजा, योगेश अरोरा और कार्यक्रम संयोजक अनिल पंजवानी का विशेष योगदान रहा। इस दौरान धीरज ढींगरा, लखी बत्रा, पूर्णिमा अग्रवाल, रवि लखवानी, शैलेन्द्र राजपाल, विजय जयसिंघानी, पं. हरीश शर्मा, अमित मोतिहार, सचिन कुकरेजा और महेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार किरण नागरानी द्वारा व्यक्त किया गया।

## इलाहाबाद से आकर होटल में किया था गलत काम, सगाई टूटने पर खुला राज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 मई.** ग्वालियर पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और उसकी सगाई तुड़वाने वाले आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी इलाहाबाद (यूपी) का रहने वाला है, जिसने सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग से दोस्ती कर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय शर्मा और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना तंत्र की मदद से आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचाया।

घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी श्रेयांश श्रीवास्तव की दोस्ती साल 2023 में सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। 11 सितंबर 2025 को आरोपी इलाहाबाद से डबरा आया और पीड़िता को एक स्थानीय होटल में मिलने बुलाया, जहाँ उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। लोक-लाज के डर से पीड़िता ने उस समय यह बात किसी को नहीं बताई।मामला तब खुला जब पीड़िता के परिजनों ने 5 अप्रैल 2026 को उसकी सगाई कहीं और तय कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही आरोपी श्रेयांश ने होने वाले मंगेतर को फोन कर सगाई तुड़वा दी। जब परिजनों ने सख्ती से पूछताछ की, तो पीड़िता ने आपबीती सुनाई। पूछताछ में आरोपी ने भी अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## सभापति वितरित की मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलय

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 मई.** सभापति श्री मनोज तोमर ने आज मानवता की मिसाल पेश करते हुए सात दिव्यांगजनों के जीवन में नई रोशनी बिखेरी। आमखो स्थित अपने निज निवास कार्यालय पर उन्होंने सात दिव्यांगजनों को निशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं हेलमेट का वितरण किया।

आमखो स्थित अपने निज निवास कार्यालय से सभापति श्री मनोज तोमर द्वारा आज मंगलवार को श्री छोटू/ श्री नारायण, श्री सोनू यादव/श्री धनीराम यादव, श्री मुकेश कुशवाह/ श्री भानसिंह, श्री आदिराम रजक/ श्री काशीराम, श्री ललित कुमार/ श्री लक्ष्मी नारायण, श्रीमती प्रेमा बाई/ श्री बनवारीलाल एवं श्री हेमसिंह/ श्री धन्नालाल कुशवाह दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का निशुल्क वितरण किया गया।



मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिल जाने से अब बिना किसी के आश्रित हुए अपनी मर्जी से शहर में कहीं भी आ जा सकते है। इसके साथ ही यह अपना छोटा-मोटा व्यवसाय भी कर सकते हैं। सभापति श्री तोमर ने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है।

# जिले में 8 निजी अस्पतालों के पंजीयन निरस्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 मई.** कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी अस्पतालों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिले के 8 नर्सिंग होम के पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए हैं। इन अस्पतालों ने बार-बार चेतावनी के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनिवार्य प्रमाण पत्र/ अनुमति प्राप्त कर कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की थी।

**प्रदूषण बोर्ड की एनओसी न लेने पर हुई कार्यवाही**

**नियमों की अनदेखी पड़ी भारी-** सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के सभी निजी अस्पतालों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे मरीजों के उपचार के साथ-साथ शासकीय नियमों और सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन करें।

जिन नर्सिंग होम पर कार्रवाई की गई है, उन्हें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति लेने हेतु समय-समय पर चेतावनी पत्र जारी कर समझाइश दी गई थी। निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी दस्तावेज जमा न करने पर विभाग ने इनका रजिस्ट्रेशन रद्द करने का निर्णय लिया।

**इन अस्पतालों पर गिरी गाज-** देहली हॉस्पीटल, बारादरी चैराह मुरार, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल बडागांव रोड, रियल लाईफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल हॉस्पीटल रोड, नूतन नर्सिंग होम किला रोड, सर्वधर्म हॉस्पीटल खेरियामोदी चितौरा रोड़, मुदगल हॉस्पीटल एण्ड ट्रामा सेन्टर सागरताल रोड, मंगल नेत्रालय सेंथरी शनिचारा रोड़ महाराजपुरा, नीलकंठ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल, डीडी नगर, भिण्ड रोड शामिल है।

> संचालक भोपाल में कर सकेंगे अपील
> विभागीय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि संबंधित नर्सिंग होम संचालक इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे 'म.प्र. उपचर्यागृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं
> अधिनियम 1973' के तहत निर्धारित समयावधि में संचालक, लोक स्वास्थ्य संचालनालय (भोपाल) के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

**इनका कहना है..**

निजी अस्पतालों को मरीजों की सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों से समझौता करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

**डॉ. सचिन श्रीवास्तव, सीएमएचओ, ग्वालियर**



# मरीजों की सेवा ही फ्लोरेंस नाइटेंगल को सच्ची श्रद्धांजलि : शर्मा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 मई.** जिला चिकित्सालय मुरार में 'विश्व नर्सिंग दिवस' वर्ल्ड नर्सिंग डे के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर्स ने आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर पुष्पहार अर्पित किए और मोमबत्ती जलाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मेट्रन ज्योति शर्मा ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा या नौकरी नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने उपस्थित नर्सिंग स्टाफ को प्रेरित करते हुए कहा, 'नर्सिंग ऑफिसर्स को हमेशा मरीजों की सेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। मरीजों के प्रति हमारा व्यवहार सौम्य और सहानुभूतिपूर्ण होना ही हमारा वास्तविक कर्तव्य है। यदि हम अपने कार्य को सेवा भाव से करेंगे, तभी हम फ्लोरेंस नाइटेंगल को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेंगे।'

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति-** इस अवसर पर मुख्य रूप से सीनियर नर्सिंग ऑफिसर खेम आर्या, पिंकी घरामी, प्रियंका श्रीवास्तव, सुनीता यादव, राधा राय, सीमा, नीलम रावत और अमित पांडे सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने सामूहिक रूप से सेवा और समर्पण की शपथ दोहराई।


**मरीज की मुस्कान ही हमारा सबसे बड़ा पुरस्कार**



'नर्सिंग दिवस हमारे लिए आत्मचिंतन का दिन है। अस्पताल में आने वाला हर मरीज दर्द में होता है, ऐसे में हमारी एक मुस्कुराहट और सेवा उनके आधे दर्द को कम कर सकती है। हम संकल्प लेते हैं कि सेवा की इस मशाल को हमेशा जलाए रखेंगे।'

**ज्योति शर्मा,प्रभारी मेट्रन**

**सेवा भाव ही हमारी मूल पहचान**



'फ्लोरेंस नाइटेंगल ने हमें सिखाया है कि समर्पण क्या होता है। आज के दौर में तकनीकी बदलाव आए हैं, लेकिन मरीज की देखभाल का मानवीय पहलू आज भी वही है। हम अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा और सौम्यता के साथ निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

**खेम आर्या, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर**

## भाजपा पहले सत्ता में बैठे लोगों की फिजूलखर्ची पर रोक लगाए : सुरेन्द्र यादव

**ग्वालियर 12 मई।** केंद्र की भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत दिनों देश की जनता को पेट्रोल का कम उपयोग करने एवं अपनी जरूरतें घटाने संबंधी दिए गए बयान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे देश की आम जनता का अपमान बताया है। ऐसे समय पर देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के वैकल्पिक इंतजाम करने के एवं अपने भाजपा जनप्रतिनिधियों को अपने सुख सुविधाओं में कटौती करने की बजाए आम जनमानस को कटौती करने को कह रहे है। वर्तमान के विपरीत समय में देश की जनता को उसके हाल पर छोड़ना भाजपा सरकार की नाकामी को दिखाता है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि देश इस समय महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। ऐसे समय में देश के प्रधानमंत्री द्वारा जनता को अपनी जरूरतें कम करने की सलाह देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में पेट्रोल एवं संसाधनों की बचत की चिंता है तो इसकी शुरुआत भाजपा सरकार को स्वयं से करनी चाहिए।





